AAP-A
Crim-I

FORM NO III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत सहायक कलक्टर मुकाम डीडवाना

छोगालाल व बनाम नौरताराम व

किस्म मुकदमा नं. 77/19 सन्

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
4/12/19	अधिवक्ता प्रार्थीगण की ओर से प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत आदेश 39 नियम 1 व 2 CPC का पेश किया। प्रार्थना-पत्र दर्ज रजिस्टर हो। अधिवक्ता अप्रार्थी को प्रार्थना-पत्र की प्रति दिलाई गई। अंतरिम स्थगन पर उभय पक्षकारान को सुना गया। प्रार्थीगण अधिवक्ता ने अपनी बहस में प्रार्थना-पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए बताया कि उक्त प्रार्थना-पत्र का मूल प्रार्थना-पत्र धारा 136 R.L.R Act का है। तथा उक्त प्रार्थना-पत्र का जवाब अधिवक्ता अप्रार्थी द्वारा पेश नहीं किया गया। इसलिए उक्त प्रार्थना-पत्र (136 R.L.R Act) के निस्तारण तक अस्थाई निषेधाज्ञा जारी की जावे। अप्रार्थी अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना-पत्र के जवाब हेतु समय चाहा तथा प्रार्थीगण द्वारा की गई बहस का विरोध करते हुए निवेदन किया कि प्रार्थीगण ने प्रार्थना-पत्र धारा 136 L.R Act के निस्तारण तक निषेधाज्ञा चाही। जो आदेश 39 नियम 1 व 2 के तहत पोषणिय नहीं है। तथा अप्रार्थी ... प्रार्थना-पत्र में वर्णित भूमि ... का पेश कर ... जवाब मुकर्र है। अप्रार्थीगण प्रार्थना-पत्र में वर्णित भूमि के रेकर्डेड खातेदार है। एवं मौके पर काबिज है। इनके विरुद्ध किसी भी प्रकार की निषेधाज्ञा प्राप्त	

Signature Not Verified
Digitally signed by Ratan Lal Regar
Date: 2021.07.13 11:15:53 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलक्टर, डीडवाना

P.T.O

Scanned by CamScanner

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

करने के अधिकारी नहीं है। प्रार्थीगण ने केवल मात्र अप्रार्थीगण को राष्ट्रीय राजमार्ग भूमि अवाप्ति का मुवाअजा जो मिलने वाला है। को रुकवाने के लिए यह प्रार्थना-पत्र पेश किया है। जो खारिज योग्य है।

प्रार्थीगण का प्रार्थना-पत्र धारा 136 L.R. Act के साथ यानि इसके निस्तारण तक अस्थाई निषेधाज्ञा बाबत प्रस्तुत किया। जो पोषणिय नहीं होने से अस्वीकार किया जाकर खारिज किया जाता है।

पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

सहायक कलेक्टर, जोधपुर

Signature Not Verified

Digitally signed by Ratan Lal Regar
Date: 2021.07.13 11:15:53 IST
Reason: SelfAttested

Scanned by CamScanner